तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 31 मार्च 2025



परिजनों को शिक्षण प्रक्रिया से करवाया अवगत 12



वन विभाग के मजदूरों को प्रत्येक महीने मिले वेतन 12




## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर।** गांव पंजेटों निवासी मनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के ही अपने दोस्त 18 वर्षीय मोहित कुमार के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। शाम को करीब साढ़े सात बजे जब वह गांव छोली के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही मारुति कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान मोहित कुमार की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### अनियंत्रित ट्रक ने बाइक चालक को कुचला, मौत

**यमुनानगर।** गांव रसूलपुर निवासी सुरेंद्र कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति 45 वर्षीय राजकुमार के साथ बाइक पर किसी काम से आ रही थी। जब वह गांव कुराली के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिर गए। इस दौरान ट्रक का पहिया उसके पति के सिर के ऊपर से गुजर गया। जिससे उसके पति की मौके पर ही मौत हो गई। मौका पाकर आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### इसराना निवासी व्यक्ति का शव रजवाहे में मिला

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना निवासी रमेश मूल निवासी गोहाना का शव रजवाहे से बरामद हुआ। रमेश की संदिग्ध हालात में मौत हुई है। यह माना जा रहा है कि शराब का अधिक नशा होने के कारण वह रजवाहे में गिर गया और उसकी मौत हो गई। अविवाहित रमेश निजी बस पर परिचालक था। इसराना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद रमेश का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पड़ोस की महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**समालखा।** समालखा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में तीन भाइयों ने पड़ोसन से रेप की कोशिश की। उन्होंने पड़ोसन को बीच रास्ते में रोका। उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला का इलाज करवाने के बाद पति की शिकायत पर समालखा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### युवक पर चाकू से हमला सात के खिलाफ केस दर्ज

**मुलाना।** पुलिस को दी शिकायत में नखडोली गांव निवासी मोहित ने बताया कि बीती 25 मार्च को वह अपने चचेरे भाई कार्तिक के साथ मुलाना से नखडोली की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान जब वे विश्वकर्मा मंदिर के पास पहुंचे तो तीन मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए हमलावरों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं चाचा के बेटे कार्तिक के भी सिर में चाकू से हमला किया। पुलिस ने गोकलगढ़ के हिमांशु और अनुज सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### विक्रम संवत ही हमारा राष्ट्रीय संवत है : मिश्र

**कुरुक्षेत्र।** प्राचीन भारतीय कालगणना आधारित विक्रम संवत विश्व का वैज्ञानिक आधार पर प्रमाणित प्रथम पंचांग है। शास्त्रों के अनुसार, ब्रह्माजी ने इस दिन सम्पूर्ण सृष्टि और लोकों का सृजन किया था और इसी दिन भगवान विष्णु का मत्स्य अवतार भी हुआ था। भारत में विक्रमी संवत, जिसे उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने 56 ईसा पूर्व शुरू किया, जो चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शुरू होता है। इसे सभी सनातन धर्म के मानने वाले नव वर्ष के रूप में मनाते हैं।


### माउंटेन बाइक ट्रैक के लिए ग्राम पंचायत को 11 लाख देने की घोषणा

# पीएम मोदी चाहते हैं देश ओलंपिक में लाए सर्वाधिक पदक: कृष्ण लाल

### 21वीं राष्ट्रीय माउंटेन बाइक साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित

- साइकिलिस्टों का हौसला बढ़ाने आए पंचायत मंत्री

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला**



21वीं राष्ट्रीय माउंटेन बाइक साइकिलिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन हरियाणा ओलंपिक संघ के नवनिर्वाचित महासचिव एवं प्रदेश सरकार में मंत्री कृष्णलाल पवार साइकिलिस्टों का हौसला बढ़ाने के लिए आयोजन स्थल मोरनी के गुढी गांव में पहुंचे।

कृष्ण लाल पवार ने कहा कि देश सर्वाधिक पदक कैसे लाए, उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योजना चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों से वह विधानसभा में सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं। कुछ समय राज्यसभा के माध्यम से संसद में गए तो वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर सांसद को खेलों के प्रति अपना योगदान देने के लिए कहा और उसी कड़ी में वह कबड्डी सहित और खेलों को भी सम्मिलित किए हुए हैं। आज हरियाणा ओलंपिक संघ की भी इसी कारण जिम्मेदारी उनको मिली है।

उन्होंने कबड्डी के बारे में जकहा कि आज देश के खिलाड़ी जो सोना ला रहे हैं, आधे खिलाड़ी उन्हीं के मैदान से हैं। उन्होंने कहा कि साइकलिंग दमदार गेम है। साइकलिंग के लिए भी है पूरा प्रयास करेंगे और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का काम करेंगे ।

#### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

आज के मुकाबले में महिला जूनियर 4 लैप क्रॉस कंट्री ओलंपिक में कर्नाटक की पवित्रा कुर्टाकोटो ने स्वर्ण पदक, उत्तराखंड की अवनी दयाल ने रजत, महाराष्ट्र की सिद्धि सरके ने कांस्य पदक पाया। पुरुषों के जूनियर वर्ग के पांच लैप क्रॉस कंट्री ओलंपिक मुकाबले में लद्दाख के तसेवांग नूर्बो ने स्वार्ण उत्तराखंड के आयुष नेगी ने रजत तथा महाराष्ट्र के योगेश सोनावाने में कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों के अंडर 23 पांच लैप क्रॉस कंट्री ओलंपिक इवेंट में कर्नाटक के चेरीथगोड़ा ने स्वर्ण, मणिपुर के थोटमाचन ने रजत, लद्दाख के जिगमेट घोषयाल ने कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की छह लैप क्रॉस कंट्री ओलंपिक इवेंट में कर्नाटक की स्टार नाराजी ने स्वर्ण, महाराष्ट्र की प्रणिता सोमन ने रजत तथा मध्य प्रदेश की संध्या कुमारी मौर्या ने कांस्य पदक हासिल किया।

#### ये रहे मौजूद

हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ द्वारा भारतीय साइकलिंग महासंघ के बैनर तले करवाई इस प्रतियोगिता के मौके पर भारतीय साइकलिंग महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह, आयोजक सचिव नीरज तंवर प्रवीण कुमार उपाध्यक्ष हरबंस सिंह औझला, सहसचिव जगदीश असीजा, सह सचिव अजीत कुमार डायरेक्टर कंपटीशन गढी गांव की सरपंच कमला देवी ज्वाला सिंह बादल जाखड़, आरके गुप्ता तकनीकी समिति पिनाकी बाईसेक जगदीप सिंह काहलो संजय सिंह कुलदीप सिंह वडैच जिले सिंह समीर यादव सुनील कुमार सतविंदर सिंह निर्मल सिंह सुनील कुमार बृजेश कुमार सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद थे।

## जेब काटने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार



**यमुनानगर।** पांचों आरोपी हिसार, रोहतक व गोहाना के रहने वाले

- हिसार, रोहतक और गोहाना के रहने वाले हैं पांचों आरोपी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जिला पुलिस की सीआईए वन पुलिस टीम ने जेब काटने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी हिसार, रोहतक व गोहाना के रहने वाले हैं। पुलिस ने पांचो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सीआईए वन के इंचार्ज वीरेन्द्र सिंह वालिया ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि बस स्टैंड पर दो आरोपी किसी व्यक्ति की जेब काटने की तलाश में हैं। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक इंस्पैक्टर मक्खन सिंह, विपिन, धर्मबीर, सुरेन्द्र व अवतार की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके से दो युवकों को पकड़ा। जिनकी पहचान हिसार निवासी संजय व रोहतक निवासी सोनू के नाम से हुई। आरोपियों ने दस फरवरी 2024 को पौंटा साहिब बस में जा रहे एक व्यक्ति के बैग की चैन खोल कर उसमें से छोटा बैग चोरी कर लिया था। जिसमें 19 हजार रुपए नकदी, एक सोने की अंगूठी व सोने की बालियां थी। आरोपियों से सामान बरामद किया गया।

## विधायक आनंद ने आमजन के साथ देखा पीएम मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री हर बार मन की बात कार्यक्रम में कोई न कोई नई सीख देते हैं : जगमोहन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**



करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को रघुनाथ नगर (बूथ नंबर 213) में आमजन के साथ बैठकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर बार मन की बात कार्यक्रम में कोई न कोई नई सीख देते हैं।

हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए, देश की तरक्की और खुशहाली में अपना योगदान देना चाहिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार मन की बात के कार्यक्रम में छात्रों को नए हुनर सीखने और खुद को निखारने की सीख दी है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने कहा, गर्मियों के दिन लंबे होते हैं और बच्चों के पास इस दौरान करने के लिए बहुत कुछ होता है। यह समय अपने हुनर को निखारने के साथ-साथ कोई नया शौक पालने का भी है। इन छुट्टियों में आपके पास स्वयंसेवी गतिविधियों और सेवा कार्यों से जुड़ने का भी अवसर है। इस मौके पर मोहन लोथी, दीपक शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रतिभावान युवाओं की मदद के लिए तैयार : जिन्दल

- कुवि द्वारा आयोजित 17 वें राष्ट्रीय युवा संसद में युवाओं से रूबरू हुए सांसद नवीन जिन्दल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर प्रतिभा होती है। उसकी पहचान करके उसे बाहर दुनिया के सामने लाने वाला सफल इंसान होता है। प्रतिभावान युवाओं की मदद करने के लिए वे हर संभव सहयोग करने को तैयार हैं।

सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉन्ज में भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित 17 वें राष्ट्रीय युवा संसद में युवाओं से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने युवाओं को संसद की कार्य प्रणाली से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर हुई जिसके पश्चात छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रो. ए. आर चौधरी ने स्वागत प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उनकी इच्छा है कि ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और यहां के विद्यार्थी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी का भ्रमण करके आपस में विचार सांझा करें और सूचनाओं एवं नई शिक्षा तकनीक का आदान-प्रदान करें। उन्होंने बताया कि ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी विश्व भर में 300 से अधिक विश्वविद्यालयों के साथ कोलैब करती है। इसके साथ ही सांसद नवीन जिन्दल ने युवा संसद में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को रविवार को दिल्ली में होने वाले पोलो मैच का निमंत्रण दिया।

#### युवा संसद में चर्चा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विकसित भारत युवा संसद युवा आवाजों के लिए राष्ट्रीय चर्चाओं में भाग लेने और विकसित भारत/2047 के लिए दृष्टिकोण को आकार देने का एक मंच है। यह नेतृत्व, नागरिक भागीदारी और नीति चचार्ओं को बढ़ावा देता है, जिससे छात्र प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श कर पाते हैं। युवाओं को संसदीय लोकतांत्रिक परम्परा के आधारभूत मूल्यों व प्रक्रियाओं से परिचय कराने में युवा संसद प्रतियोगिता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम के दौरान विजेता युवाओं का चयन भी चयन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर असीम मिगलानी, ग्रुप कोऑर्डिनेटर डॉ. दिनेश चहल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर ए.आर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## राजपूतों ने सपा सांसद अखिलेश का पुतला जलाया

- राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में किया प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

महाराणा प्रताप क्षत्रीय सभा पानीपत के तत्वावधान में राजपूत समाज ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ प्रदर्शन किया और जीटी रोड पर दोनों का पुतला जलाया।

सभा के प्रधान सुरेश राणा व वरिष्ठ उप प्रधान सतपाल राणा ने कहा है कि वीर शिरोमणि महाराणा संग्राम सिंह सांगा ने हिंदू धर्म और देश के लिए 100 लड़ाइयां लड़ी और सभी में जीत हासिल की महाराणा संग्राम सिंह एक वीर यौद्धा थे। उन्होंने मुगलों को कई बार युद्ध में पराजित किया।

उन्होंने कहा कि राणा सांगा ने देश को मुगल आक्रांताओं के अधीन नहीं होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने अखिलेश यादव की शह पर राणा सांगा पर अभ्रद टिप्पणी करते हुए राजपूत समाज का ही नहीं पूरे राष्ट्र का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि दोनों पर राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज किया जाना चाहिए। महासचिव यशपाल राणा ने कहा कि सपा सांसद को इतिहास का ज्ञान नहीं है।



**पानीपत।** उप्र के पूर्व सीएम अखिलेश यादव व सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला जलाते हुए राजपूत।

## उत्कृष्ट गायकों को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

- एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का संगीतनुमा आयोजन

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा उत्कृष्ट गायकों को बड़ा मंच प्रदान करते हुए सुपरस्टार सिंगर सम्मान समारोह का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर फिल्म एवं टीवी अभिनेता अभिनव चतुर्वेदी सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट ओर नैशनल प्रेसिडेंट डॉ रंजोध सिंह, स्टेट चेयरमैन यूपी गौरव गाबा, इंटरनेशनल डायरेक्टर संदीप कुमार, इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा, नैशनल डायरेक्टर पूनम गोयल ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। गायकों ने गीतों के माध्यम से करप्शन फ्री इंडिया का संदेश दिया। उत्कृष्ट गायकों को बुके और ट्रॉफी देकर सुपरस्टार सिंगर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

#### गायकों ने ये गीत गाए

सुपरस्टार सिंगर अवॉर्ड से सम्मानित सिंगर रणजीत गिल ने नैनो में सपना, अवतार सिंह तारी ने पर्दा है पर्दा, हरीश वधावन ने दिल का आलम, सुरेन्द्र मोहन गाबा ने जो तुमको हो पसंद, प्रदीप त्यागी ने चली आना तू, राजीव गोयल ने इक अजनबी हसीना से, ओम प्रकाश ने चांद से पर्दा कीजिए, राजन छिब्बर ने चांद सी महबूबा,राजेश जोगी ने हाल क्या है दिलों का,अरुण थापर ने वादा तेरा वादा,जरनैल सिंह ने तुम से बढ़कर, विनोद मंगला ने तौबा ये मतवाली चाल, नीरू चौधरी ने दिल चीज क्या है, राम खटक ने मेरा तो जो भी कदम है, सोनिया पांचाल ने ए दिल मुझे बता दे, आदि गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### विक्रमी नवसंवत-2082 प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया गया

# कहीं हुए हवन-यज्ञ तो कहीं निकली प्रभातफेरी

- श्रद्धालुओं ने ध्वजा परिक्रमा यात्रा निकालकर नवसंवत के बारे में युवाओं को किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

भारतीय परंपरा अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर से शुरु होने वाले राष्ट्रीय नववर्ष एवं विक्रमी संवत 2082 रविवार को प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कहीं पर हवन-यज्ञ किए गए तो कहीं पर प्रभातफेरी निकालकर हिंदू नवसंवत को मनाया गया।

खास बात यह रही कि नवसंवत पर अधिकांश लोगों ने अपने घरों पर भगवा ध्वज फहराया। वहीं, प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने नवसंवत की सभी प्रदेशवासियों को शुभकॉमनाएं दी। इसी कड़ी में शहर स्थित माता ज्वाला मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा रविवार तड़के नवसंवत व प्रथम नवरात्र पर्व के अवसर पर शहर में ध्वजा परिक्रमा यात्रा निकाली गई। परिक्रमा यात्रा में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए लोगों को हिंदू नवसंवत के बारे में महत्व बता रहे थे। इस दौरान प्रभातफेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



**यमुनानगर।** विक्रमी संवत व प्रथम नवरात्र के अवसर पर रविवार को ज्वाला माता मंदिर के श्रद्धालु शहर में ध्वजा परिक्रमा यात्रा निकालते हुए।

#### श्रीराधा कृष्ण मंडल ने आयोजित किया हवन

नवसंवत के शुभारंभ पर श्रीराधा कृष्ण मंडल द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया ।

मंडल सदस्यों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर जिलेवासियों के अच्छे स्वास्थ्य व सुख समृद्धि की कामना की। मंडल के वरिष्ठ सदस्य प्रेम प्रकाश ने कहा कि प्रकृति के हिसाब से हिंदू नव वर्ष नवसंवत का बहुत ही ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व है। युवा पीढ़ी को अपने हिंदू नव वर्ष के इतिहास के बारे में जागरूक होना चाहिए।

#### युवाओं को नवसंवत के लिए करें जागरूक

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने नवसंवत-2082 की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकॉमनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को नव संवत के बारे में जानकारी देनी चाहिए। ताकि वह भारतीय संवत के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष ऐसा महान देश है, जिसने विश्व को कालगणना के सिद्धांत को प्रदान किया। हमारे देश में नव संवत्सर का प्रारम्भ विक्रम संवत के आधार पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से मनाया जाता है।

## हरियाणा पुस्तकालय संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

- पुस्तकालयों में पुस्तकालय कर्मियों की भर्ती की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

हरियाणा पुस्तकालय संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपकर हरियाणा के सरकारी महाविद्यालयों, विद्यालयों और जन पुस्तकालयों में पुस्तकालय कर्मियों की तत्काल भर्ती की मांग की है।

संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि हरियाणा के सरकारी महाविद्यालयों में पिछले 50 वर्षों से पुस्तकालयाध्यक्षों की सीधी भर्ती नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा स्थापित विद्यालयों में भी पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया वर्षों से लंबित है। उन्होंने बताया कि सरकारी संस्थानों में प्रतिवर्ष लाखों रुपयों की पुस्तकें खरीदी जाती हैं, परंतु उचित रखरखाव और योग्य पुस्तकालय कर्मियों के अभाव में इन पुस्तकालयों का लाभ विद्यार्थियों तक नहीं पहुँच पाता। सदस्यों ने चिंता व्यक्त की कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है, जबकि सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों में प्रारंभिक स्तर से ही एक सुसंगठित पुस्तकालय, योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष और अन्य पुस्तकालय कर्मचारियों की उपलब्धता अनिवार्य है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि वे इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के सभी पुस्तकालयों में योग्य पुस्तकालय कर्मियों की शीघ्र नियुक्ति करें।

**खबर संक्षेप**

### देसी कट्टा व जिंदा रौंद के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए वन की टीम ने गांव मंडेबर के पास से युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देसी कट्टा व जिंदा राउंड बरामद किया है। सीआईए वन में तैनात रवि कुमार ने बताया कि देर शाम वह टीम के साथ गांव मंडेबर के पास गश्त कर रहे थे। उन्हें सूचना मिली थी कि मंडेबर के पास युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी कट्टा व जिंदा राउंड बरामद हुआ। आरोपी की पहचान आदित्य उर्फ सैंटी के रूप में हुई।

### पक्की नहर की साइट से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** पश्चिमी यमुना नहर के साथ बन रही पक्की नहर की साइट से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। गिरावड़ निवासी चांद सिंह ने पुलिस ने शिकायत में बताया कि वह पश्चिमी यमुना नहर के साथ-साथ पक्की नहर बनाने का कार्य कर रहा है। बुडिया नहर के नजदीक उसकी साइट का काम चल रहा है। देर शाम वह साइट से काम खत्म करवा कर घर चला गया था। सुबह जब वह साइट पर आया तो वहां से सरिया, चैनल, मशीन का सामान तथा लोहे का अन्य सामान गायब मिला।

### चैत्र नवरात्रि के प्रथम नवरात्र पर मां के मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे

# मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने की मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा

■ यमुनानगर की सीमा स्थित त्रिलोकपुर में शक्तिपीठ मां बालासुदरी के मंदिर में चौदह दिवसीय मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर रविवार से शुरू हुए प्रथम नवरात्र पर जिले भर के मां के मंदिरो में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के दर्शन किए और मां के प्रथम स्वरूप शैलपूत्री की पूजा अर्चना की। इस दौरान सबसे अधिक श्रद्धालुओं ने हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर स्थित त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी मंदिर व यूपी के बेहट के नजदीक स्थित मां शाकुंबरी मंदिर में पहुंचकर माथा टेका और पूजा अर्चना की। इस दौरान मां बाला सुंदरी के दरबार में चौदह दिवसीय मेले का भी शुभारंभ किया गया।



**यमुनानगर।** मां के मंदिरों में माथा टेकने के लिए लाइन में लगे हुए श्रद्धालु।



फोटो : हरिभूमि

#### मंदिरों में उमड़ी भीड़

रविवा सुबह होते ही मां भगवती के जिला स्थित मां दुर्गा के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। खास बात यह रही कि हरियाणा की सीमा स्थित शक्तिपीठ मां बाला सुंदरी व अन्य शक्तिपीठों में श्रद्धालु बीती रात से ही अपने-अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों या फिर अन्य वाहनों में सवार होकर पहुंचने लगे थे। बुधवार को भी दिन भर मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहा। वहीं, मां बाला सुंदरी के मंदिर में चैत्र और अश्वनी माह में दो बार नवरात्र पर्व के अवसर पर मेले का आयोजन होता है।

#### मनोकामना होती है पूरी

इस बार भी रविवार से मेले का शुभारंभ हो गया। जिसमें इस बार भी चौदह दिवसीय मेले में रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचकर मां बाला सुंदरी के दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे और अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना करेंगे। प्रथम नवरात्र पर रविवार को माता बाला सुंदरी के दर्शन करने के लिए जाते समय श्रद्धालुओं ने भक्त ध्यानु के दर्शन भी किए। इसके अलावा देवी ताल तथा पीपल व माहेश्वरी के प्राचीन मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने अपनी हाजिरी लगाई। कहते हैं माता के दरबार में पहुंचने से सभी की मन्नतें पूरी होती हैं और मां उन पर कृपा करती हैं।

**सभी सुखों को देने वाली है मां शैलपूत्री**

पंडित मोहन शुक्ल ने बताया कि मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का वाहन वृषभ है। इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। ये ही सती के नाम से भी जानी जाती हैं। मां शैलपूत्री सभी सुखों को देने वाली हैं।



**यमुनानगर।** थाना रादौर में पीस कमेटी के सदस्यों से कानून व्यवस्था को लेकर बातचीत करते हुए थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

## नवरात्र व ईद पर सुरक्षा के रहेंगे बेहतर प्रबंधः राणा

■ थाना रादौर में पीस कमेटी के सदस्यों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

पुलिस प्रशासन द्वारा थाना रादौर में पीस कमेटी के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रादौर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह राणा ने बैठक की अध्यक्षता की।

थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा ने पीस कमेटी सदस्यों को आश्वासन दिया कि नवरात्री और ईद पर्व के मौके पर क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। इस दौरान पुलिस सुरक्षा के बेहतर प्रबंध करेगी। जिससे कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने पीस कमेटी के सदस्यों से यातायात के नियमों की पालना करने व व क्षेत्र में फैल रहे नशे को लेकर चर्चा की। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि सभी दुकानदार दुकान के आगे सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बाइक व कार न दें। वहीं, लोग वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। स्थानीय लोगों ने भारी वाहनों का प्रवेश बाजार में रोकने पर थाना प्रभारी का हार्दिक आभार प्रकट किया। पीस कमेटी सदस्यों ने शहर में बढ़ रहे नशे को लेकर चिंता व्यक्त की। जिस पर थाना रादौर प्रभारी ने पीस कमेटी सदस्यों को नशा रोकने के आश्वासन दिये। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन रजनीश मेहता, पार्षद जसवंत सिंह, पार्षद राजीव आर्य सन्नी, अशोक गुंबर, एमसी भगवतदयाल कटारिया, डॉ.बिमल गर्ग, अमित कांबोज, वेदप्रकाश कांबोज, गुरदयाल सैनी, जयप्रकाश कांजनू आदि मौजूद रहे।

## रोहित पुंडीर हरियाणा ओलंपिक एसो. के बने कार्यकारिणी सदस्य

■ रोहित पुंडीर ने जताया एसोसिएशन के प्रधान का आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा यमुनानगर के एडवोकेट रोहित पुंडीर को एसोसिएशन का कार्यकारिणी सदस्य बनाया है। कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर रोहित पुंडीर ने एसोसिएशन के प्रधान समेत अन्य पदाधिकारियों का आभार जताया है। रविवार को रोहित पुंडीर के समर्थकों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें बधाई और शुभकॉमनाएं दी।

एडवोकेट रोहित पुंडीर ने बताया कि गत दिवस हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें उन्हें कार्यकारिणी सदस्य बनाकर उन्हें सम्मान दिया गया है। इस दौरान कार्यकारिणी में जसविंदर को प्रधान बनाया गया है। जबकि अनिल खतरी, जितेंद्र, मुकेश शर्मा, सुनील मलिक, नीरज तंवर, राकेश सिंह, सत्यपाल सिंधु, मोहम्मद साइन व भारत भूषण जुयाल को उप प्रधान बनाया गया है। वहीं, कृष्ण लाल पंवार को एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी बनाया गया है। कोषाध्यक्ष के पद पर मनजीत सिंह को नियुक्त किया गया है। जबकि सह सचिव के पद पर नरेंद्र सिंह व रविंद्र कुमार को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी के सदस्य के रुप में उन्हें तथा सुरेखा व प्रीया को नियुक्त किया गया है। एडवोकेट रोहित पुंडीर ने बताया कि उन्हें एसोसिएशन द्वारा जो जिम्मेवारी दी गई है वह उसे अपनी पूरी ईमानदारी व लगन से निभाएंगे।

## नशा स्वास्थ्य पर डालता है प्रतिकूल प्रभावः गर्ग

### रूद्राक्ष वेलफेयर ट्रस्ट छछरौली ने करवाया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

■ ट्रस्ट की प्रधान अलका गर्ग ने लोगों को किया नशा जैसी बुराई से दूर रहने के लिए जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रूद्राक्ष वैलफेयर ट्रस्ट छछरौली द्वारा नशे के विरुद्ध शुरू किए गए अभियान के तहत रविवार को कस्बा में नशा के विरोध में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को नशा जैसी बुराई से स्वयं दूर रहने और दूसरों को इससे दूर रहने के लिए जागरुक करने के लिए आहवान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में ट्रस्ट की प्रधान अलका गर्ग ने भाग लिया।

मौके पर लोगों को नशा से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई। मुख्यातिथि एवं ट्रस्ट की प्रधान अलका गर्ग ने कहा कि आज नशा समाज के लिए घातक होता जा रहा है। अधिकांश युवा वर्ग नशा जैसी बुराई की दलदल में फंसते जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को एक कविता के माध्यम से नशा जैसी बुराई से दूर रहने के लिए आहवान किया। अलका गर्ग ने कविता के माध्यम से कहा कि नशे का व्यापार पाप और अत्याचार बहुत हुआ बस अब और नहीं, मृत्यु का सौदा अब और नहीं, नशे का प्रयोग जीवन से वियोग, जीते जी मृत्यु और दुर्गति अब और नहीं। नशे के प्रकार तन मन और है धन विकार। अलका गर्ग ने कहा कि नशा मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। नशा के कारण मनुष्य स्वयं तो बर्बाद होता ही है, साथ में परिवार व समाज के लिए भी परेशानी का कारण बनता है। इसलिए हम सभी का कर्त्तव्य है कि नशा जैसी बुराई को समाप्त करने के लिए लोगों को जागरुक करें। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा नशा के विरोध में शुरु किया गया अभियान गांव गांव और शहर शहर पहुंचकर लोगों को जागरुक करने का काम कर रहा है। मौके पर समाजसेवी आशीष अग्रवाल ने बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है। दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के शरीर को भीतर तक को खोखला कर देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं हैं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती । लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने एक कविता नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है, नशे में ग्रस्त हो रही युवा पीढ़ी मिलकर सबको बचानी है से लोगों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. अरूण गोयल ने बताया कि नशे से बचाव के लिए सबसे पहले संबन्धित परिवार के सदस्यों को पहला करनी होगी तथा नशा करने वाले व्यक्ति को प्यार से समझाकर नशा छोड़ने के लिए कहना होगा। यही नहीं उस व्यक्ति पर व्यक्तिगत निगरानी रखनी चाहिए कि वह सही संगत में है या गलत संगत में तो नहीं पड़ गया है। कार्यक्रम के समापन पर ट्रस्ट की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ट्रस्ट के महासचिव मनीष गर्ग, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष सोनिया गोयल, अरुण गोयल, नंदिता गोयल, पंकज गर्ग, रुचि, अनुश्री,संजय गोयल व संगीता आदि मौजूद रहे।

### प्रथम नवरात्र पर माता शैलपुत्री की पूजा की

**शाहबाद।** चैत्र मास के नवरात्रों के उपलक्ष में नगर के माता बाला सुंदरी और शाकुभरी माता के भवन में पहले नवरात्रि के उपलक्ष में सुबह 4 बजे से ही भक्तों ने कतारो में खड़े होकर माता के दर्शन किए। माता का भवन जय माता की उद्घोष से गूंजायमान रहा। भक्तों ने माता को फल फूल इत्यादि चढ़कर दर्शन किए। माता के पहले स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। मंदिर सभा के प्रधान पवन गर्ग ने बताया चैत्र मास के नवरात्रों में चार दिवसीय मेला लगता है जिसमें दूर दराज से मां के भगत दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। सभा के प्रधान के अनुसार अष्टमी के दिन लगभग 1 लाख माता के भगत पहुंचते हैं। इसके अलावा मेले में दंगल की व्यवस्था भी की जाती है जिसमें हरियाणा पंजाब और राजस्थान से पहलवान पहुंचते हैं।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सदस्यों ने किया प्रदर्शन

### महाराणा सांगा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में सड़क पर उतरी महासभा

■ क्षत्रिय समाज ने प्रदर्शन कर सपा के सुप्रिमो अखिलेश यादव व सांसद रामजी लाल सुमन का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से रविवार को गांव तिगरा में प्रदर्शन कर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव व राज्य सभा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला जलाया गया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति से महाराणा सांगा के बारे में निंदनीय टिप्पणी करने पर राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन की सदस्यता रद्द किए जाने की मांग की। महासभा के अध्यक्ष गुरदीप राणा ने बताया कि राज्य सभा सांसद रामजी लाल सुमन ने निंदनीय टिप्पणी करके शूरवीर महाराणा सांगा का अपमान किया है। जिस पर गांव गांव जाकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की टीम द्वारा रामजीलाल व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश का पुतला जलाया जा रहा है। महासभा के सदस्यों ने राष्ट्रपति से सांसद की सदस्यता समाप्त करने की मांग की जा रही है।



**यमुनानगर।** गांव तिगरा में रोष प्रदर्शन करते महासभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि भारत एवं मेवाड़ राजस्थान की वीर भूमि के शुरवीर महाराणा सांगा को संसद में गलत इतिहास बताकर अपमानित किया गया। यह बहुत ही निंदनीय व पीड़ादायक है और हिंदुओं की भावनाओं से खिलवाड़ किया गया है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा किया महाराणा सांगा का अपमान बहुत ही निंदनीय है। इसलिए राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की सदस्यता राज्यसभा से बरखास्त की जाए। क्षत्रिय समाज किसी भी महापुरुष का अपमान सहन नहीं करेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अग्नि विजय चौहान, नाहपुर मंडल अध्यक्ष सोनू राणा, एडवोकेट विवेक चौहान, वीरभान चौहान, विक्रांत राणा, प्रताप सिंह, सोनू राणा, प्रदीप कश्यप, हंसराज व प्रीतम राणा आदि मौजूद रहे।

## ससौली मार्ग की हालत नहीं सुधरी तो कांग्रेस करेगी आंदोलनः त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के आईटीआई चौक से वाया सासौली से नेशनल हाईवे तक का मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा होने से कांग्रेस ने रोष जताया है। कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा सीट से प्रत्याशी रहे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी के नेतृत्व में दर्जन भर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मार्ग पर पहुंचकर विरोध जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मार्ग को ठीक नहीं किया गया तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।

कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा सीट से प्रत्याशी रहे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता ससौली मार्ग पर पहुंचे। उन्होंने लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़े मार्ग का अवलोकन किया और स्थानीय लोगों से उनकी समस्या जानी। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि यह एक ऐसा रोड है जो हाईवे से मिलता है। यह मार्ग यमुनानगर जगाधरी वर्कशॉप मार्ग स्थित आईटीआई से सीधा नेशनल हाईवे पर जाता है। इस मार्ग पर रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। वहीं, इलाके के हजारों स्कूली बच्चे इसी मार्ग से होकर यमुनानगर जगाधरी पढ़ने के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पहुंचते हैं। मगर पिछले लंबे अर्से से इस मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि इस पर चलना मुश्किल हो रहा है। सड़क में जगह जगह गड्ढे बने हुए हैं।



**यमुनानगर।** क्षतिग्रस्त पड़े ससौली मार्ग की बनी हुई विकट हालत के बारे में जानकारी देते कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी। फोटो : हरिभूमि

## मानवीय मूल्यों के लिए शिक्षा के साथ संस्कारों का संयोजन जरूरीः शिवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन नई दिल्ली के निर्देश पर डीएवी गर्ल्स कॉलेज में इंडियन नॉलेज सिस्टम सेल के तत्वावधान में ऑनलाइन मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंटआबू से बहन बीके शिवानी मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर, इंडियन नॉलेज सिस्टम कनवीनर डॉ. किरण शर्मा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

वहीं, डॉ. नीता द्विवेदी, डॉ. गुरशरन कौर, पारूल, डॉ.दीपिका व लिपाक्षी ने विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाग लिया। मुख्य वक्ता बहन बीके शिवानी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में जहां एक ओर नए नए विषयों का ज्ञान दिया जाता है। जिससे विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं। परंतु वहीं दूसरी ओर आध्यात्मिक सफलता के लिए उन्हें भारतीय प्राचीन ज्ञान परंपरा का पता होना भी आवश्यक है। शिक्षा के साथ साथ संस्कारों का संयोजन मानवीय मूल्यों के लिए परम आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी को पथ भ्रष्ट होने से बचाने के लिए नैतिक मूल्य शिक्षा देना जरूरी है। मौके पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि नई शिक्षा प्रणाली के विद्यार्थी जिन नए विषयों की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उसका उद्देश्य डिग्री लेकर पैसा कमाना ही नहीं है। बल्कि उन विषयों से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में उतारना भी है। डॉ. किरण शर्मा ने कहा कि पाठ्यक्रम में हम जो कुछ भी पढ़ते हैं उसका अर्थ अलग अलग हो सकता है। परंतु हमें उसके सार्थक भाव को ग्रहण करके अपने जीवन में उताराना है। तभी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य सफल सिद्ध होगा।



### साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने बताया नववर्ष विक्रमी संवत 2082 का महत्व

## पुरातन घटनाओं के साथ भारतीय नव वर्ष का गहरा संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा भारतीय नव वर्ष विक्रमी संवत 2082 के अवसर पर रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संत संकीर्तन कार्यक्रम में परम पूजनीय आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री सिद्धेश्वरी भारती ने साध संगत को भारतीय नववर्ष विक्रमी संवत 2082 के महत्व को बताया। साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने फरमाया कि भारतीय नव वर्ष चैत्र के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। जब प्रकृति अपने सबसे सुंदर रूप में अपनी दिव्य छठा को वसंत ऋतु के रूप में बिखेरती है। विज्ञान के लिए यह एक आश्चर्य की बात है कि ब्रम्हाण्ड में ग्रहों की स्थिति और पंचांग की गणना इतनी सटीक कैसे होती है। हमारे पुरातन समय के ऋषि महर्षि कितने महान वैज्ञानिक रहे होंगे। जिन्होंने गूढ़ एवं आध्यात्मिक तथ्यों पर अनुसंधान करके संपूर्ण मानव जाति को इतनी अनमोल निधियां प्रदान की हैं। विलक्षण बात ये है कि उनके अनुसंधान का आधार भौतिक शरीर नहीं था। वे इस भौतिक शरीर को माध्यम बनाकर ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना के द्वारा अपने सूक्ष्म शरीर से संपूर्ण ब्रम्हांड में गोचर करके उनकी गणनाए स्थिति एवं काल का निरीक्षण करते थे। संभवतः विज्ञान को इस अनुसंधान को प्रमाणित करने के लिए कई युग लग सकते हैं। पुरातन समय की कुछ विशेष घटनाओं के साथ भारतीय नव वर्ष का बहुत गहरा संबंध है। यह मान्यता है कि ब्रम्हा जी ने सृष्टि का निर्माण भारतीय नव वर्ष के दिन ही किया था। आदि शक्ति के पूजन का प्रथम दिवस भी इसे ही माना जाता है। इसलिए भारतीय नव वर्ष की शुरुआत नवरात्रि से की जाती है।

भारती ने कहा कि पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व धर्मराज युधिष्ठिर का राज्य अभिषेक भी इसी तिथि को ही किया गया था। भारत के विभिन्न राज्यों में नव वर्ष को अलग अलग रूप में पारंपरिक तरीक से मनाया जाता है। दक्षिण भारत में पोंगल, महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, आंध्रप्रदेश प्रदेश और कर्नाटक में युगादि कश्मीर में नवरेह और सिंधी समुदाय में चेती चांद आदि रूप में भारतीय नववर्ष को धूमधाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में साध्वी बहनों ने अपने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान कर साध संगत को भाव विभोर कर दिया।



**यमुनानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए भारती व श्रवण करते हुए साध संगत।



## खबर संक्षेप

### विक्रमी संवत के अनुसार नववर्ष मनाएं

**थानेसर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा अमीन रोड़, 7 सी स्थित स्थानीय आश्रम में भारतीय नव वर्ष विक्रमी संवत 2082 के शुभ आगमन पर एक आध्यात्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदमंत्रोचारण के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री सुसंगीता भारती ने कहा भारतीय कैलेंडर के अनुसार जिस दिन सृष्टि का आरंभ हुआ, उसे ही नववर्ष के प्रथम दिवस के रूप में स्वीकार किया गया।



### ओपी जिन्दल की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से ओम प्रकाश जिन्दल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर झांसा रोड स्थित, ओ. पी. जिन्दल पार्क, कुरुक्षेत्र में सुबह 9 बजे, एक पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र के नागरिक, कार्यकर्ता एवं समर्थक, बाऊजी को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और उनके समाज सेवा व राजनीति में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करेंगे।

### कन्या भ्रूण हत्याविरोधी कार्यक्रमों की शुरूआत



**कुरुक्षेत्र।** नगर की प्रतिष्ठित उत्थान सामाजिक संस्था द्वारा नवरात्रि के अवसर पर कन्या भ्रूण हत्याविरोधी कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। इस अवसर पर झांसा रोड स्थित शांति एनक्लेव में कन्या भ्रूण हत्या-विरोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांति एनक्लेव की जागरूक नारी शक्ति ने उत्साहित होकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को संस्था की तरफ से कन्या भ्रूण हत्या-विरोधी शपथ-पत्र वितरित किए गए।

### सांसद से मिला जिला बार एसो. का प्रतिनिधिमंडल



**कुरुक्षेत्र।** जिला बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र का एक प्रतिनिधि मंडल सांसद नवीन जिंदल से मिला और बार में आने का न्योता दिया। मुलाकात में संसद में जिंदल से जिला बार एसोसिएशन की समस्याओं का निवारण करने की बात हुई वह एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पर भी चर्चा हुई। जिंदल ने जल्द ही बार में आकर वकीलों की समस्या सुनने का आश्वासन दिया वह उन्हें दूर करने बारे कहा और अधिवक्ताओं की समस्याओं को राज्य और केंद्र स्तर पर भी दूर करने की बात कहीं।

# मां भद्रकाली शक्तिपीठ में हिन्दू नव वर्ष पर स्वर्णिम खजाने का वितरण

- 108 फुट ऊंचे गुम्बद पर की गई जमकर आतिशबाजी
- प्रथम नवरात्रि के साथ नव संवत्सर का प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में प्रथम नवरात्रि के साथ नव संवत्सर का प्रारंभ हुआ, मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही मंदिर में भक्तों की भारी लाइन लग गई। सबसे पहले प्रातः कालीन 6:00 बजे की मंगला आरती मुख्य पुजारिन श्रीमती शिमला देवी ने की और उसके बाद शक्ति कलश पूजन किया। सर्वप्रथम माँ भद्रकाली जी को माँ शैलपुत्री स्वरूप मानकर उनकी पूजा और श्रृंगार किया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि मां शैलपुत्री देवी पार्वती का ही एक रूप हैं जो नंदी पर सवार, श्वेत वस्त्र धारण करती हैं। उनके एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में कमल विराजमान है। माँ भद्रकाली जी को दीप, फल, फूल, माला, रोली, अक्षत चढ़ा कर पूजन किया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि ररिवार से दिन हिंदू नव वर्ष नया विक्रमी संवत 2082 भी प्रारंभ हुआ है। मंगला आरती के बाद प्रातः 7:00 बजे से मुख्य पुजारिन माता श्रीमती शिमला देवी द्वारा भक्तों में माँ भद्रकाली जी का विशेष सचित्र स्वर्णिम अनमोल खजाना शाम 7 बजे तक वितरित किया गया। मुख्य यजमान विपिन अग्रवाल ने भी सिर झुका कर, झोली पसारकर, मस्तक पर लगाकर माँ का सचित्र स्वर्णिम अनमोल खजाना प्राप्त किया। विपिन अग्रवाल ने कहा कि माँ अपने लाडले भक्तों की झोलियां ऐसे ही भरती रहें। पुजारिन शिमला देवी ने कहा कि यह खजाना पाने वाले सौभाग्यशाली भक्तों की झोली माँ भद्रकाली जी धन, लक्ष्मी, वैभव व सौभाग्य से परीपूर्ण करेंगी। माँ भद्रकाली जी के स्वर्णिम अनमोल खजाने पर एक तरफ तो माँ भद्रकाली जी का स्वरूप अंकित है व दूसरी तरफ माँ का दायना टखना, 'ॐ', 'माँ' की आकृति के साथ शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र का नाम अंकित है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार भी आज विशेष तौर पर माँ का खजाना लेने पहुँचे।

### धन के भंडारे भरेगा खजाना : शर्मा

पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने कहा कि माँ के इस आशीर्वाद रूपी खजाने को अपने घर में संभाल कर रखने से, सुरक्षित रखने से यह धन के भंडारे भरेगा। इस खजाने को प्राप्त करने के लिए भक्तों को 3 प्रकिया से गुजरना पड़ा, जिसमें सर्वप्रथम खजाना कुम्भ को देखते हुए अपने सिर को श्रद्धा भाव से झुकाना, क्योंकि खजाने पर माँ सचित्ररूप में विराजमान है, उसके बाद दूसरे चरण में अपनी झोलियों को पसार कर खजाने को प्राप्त करना और अंत में खजाने को मस्तक पर लगा कर माँ भद्रकाली जी से अपने घर चलने के लिए निवेदन करना। डॉ. पवन बंसल बी.एस. हार्ट केयर, कुरुक्षेत्र भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। तत्पश्चात शाम 7 बजे महाआरती की गई। प्रथम नवरात्रि को हिंदू नव वर्ष अभिनंदन , विक्रम संवत 2082 का भी आयोजन रात्रि 8:00 बजे किया गया जिसमें नगर देवी माँ भद्रकाली कुरुक्षेत्र वाली जी के 108 फुट ऊंचे शिखर पर भव्य आतिशबाजी का आयोजन कैलेंडर नव वर्ष पर होने वाले विश्वप्रसिद्ध बुर्ज खलीफा स्टाइल में किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष नरेंद्र वालिया , उपाध्यक्ष डॉ एम के मौदगिल, देवेंद्र गर्ग हाबड़ी, डॉ अन्नू पॉल शर्मा , स्नेहिल शर्मा, देवांशु शर्मा, निकुंज शर्मा, संजीव मित्तल, हाकम चौधरी, आशीष दीक्षित, जीवन मौदगिल, प्रीतम, विशु, ऋषि इत्यादि भक्त उपस्थित रहे।

## श्रीशिव महापुराण कथा में मुख्यमंत्री सैनी ने शिरकत कर लिया आशीर्वाद

# शिव महापुराण कथा जैसे आयोजन समाज को उर्जा प्रदान करते : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। मुख्यमंत्री नायब सैनी को आशीर्वाद प्रदान करते व्यास पीठ से आचार्य महेश।

बाबा बांसी वाला वृद्धाश्रम द्वारा आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शिरकत कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि शिव महापुराण कथा जैसे आयोजन समाज को एक नई दिशा व ऊर्जा प्रदान करते हैं और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। कावड़ सेवा दल व मुख्य यजमान विजेंद्र गोयल ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया। कथा समापन पर हवन व भंडारा आयोजित किया गया जिसमें लोगों ने बड़ी भारी संख्या में भाग लेकर भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। शिवाला राम कुंडी पर चल रही कथा में उज्जैन के प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य महेश गुरु जी ने शंखचूड़ तुलसी विवाह, नंदी अवतार, पीप्लाद हनुमत व दुवार्सा अवतार की कथा सुनाई। अंतिम सत्र में द्वादश ज्योतिर्लिंग के प्रकट होने के रहस्य व उनकी महिमा के बारे में सविस्तार बताया। उन्होंने शिवरात्रि व्रत के बारे में बताते हुए कहा कि शिवरात्रि व्रत अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो शिव की कृपा और मोक्ष प्राप्ति का मार्ग है। इस व्रत में रात्रि जागरण, रुद्राभिषेक और उपवास का विधान है, जो शिव और शक्ति के मिलन का प्रतीक है। महाशिवरात्रि का व्रत करने वाले शिव कृपा का भागी बन जाते है और यमराज के दूत भी उससे दूर रहते हैं। आज कथा सत्र में प्रसिद्ध कथावाचक व भागवत मनीषी आचार्य रजनीश शास्त्री ने पहुंच कर कथाव्यास आचार्य महेश गुरु को सम्मानित किया वह श्री शिव महापुराण की कथा सुनी मुख्य यजमान विजेंद्र गोयल व अमित गोयल ने कथा समापन के बाद आरती की इस अवसर पर पवन गोयल ,विकास सिंघल ,अनुज गोयल, संजय सिंगला, मदनलाल राजकुमार सैनी, देशराज, कुंवर सिंघल, वीरेंद्र सिंघल, अशोक मित्तल सहित सभी सदस्यों ने श्री शिव महापुराण की आरती में भाग लिया।

### सीएम ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 2 परियोजनाओं का किया शिलान्यास



**लाडवा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडवा हल्का में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 2 बड़ी परियोजनाओं पर प्रदेश सरकार की तरफ से 4 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि का बजट खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं से लाडवा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा आईजीएन कॉलेज में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 4 करोड़ 48 लाख रुपए के बजट की दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें राक्षी नदी पर तीन पुलियों की जगह पक्के पुलों का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस परियोजना पर एक करोड़ 35 लाख 72 हजार रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। दूसरी परियोजना के तहत राक्षी नदी के 2 हजार 200 फीट लंबाई क्षेत्र का आरसीसी ट्रफ से निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस परियोजना पर 3 करोड़ 12 लाख 25 हजार रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद लाडवा शहर की आबादी क्षेत्र व फसलों को नुकसान नहीं होगा। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, उपायुक्त नेहा सिंह, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, अधीक्षक अभियंता अरविंद कौशिक, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी आदि उपस्थित थे।

### प्रभातफेरी में जमकर थिरके भक्तजन



**शाहबाद।** चैत्र मास के नवरात्रों के उपलक्ष में माता बाला सुंदरी देवी मंदिर से निकली जा रही प्रभात फेरियो की श्रृंखला में आज के प्रभात फेरी विजय गुप्ता धर्मपत्नी स्वर्गीय नरेंद्र गुप्ता और उनके पुत्र आशु गुप्ता और नितिन गुप्ता के निवास पर पहुंची जहां आयोजक परिवार ने प्रभात फेरी में आए माता के भक्तों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। मंदिर के मुख्य पुजारी सतीश शर्मा ने आयोजक परिवार से पूजा करवाई। उसके बाद प्रभात फेरी में अनेक भजनिको ने सुंदर-सुंदर माता के भजन सुना कर पूरा वातावरण माता के दरबार का नजारा बना दिया। माता के भजन तेरा किसने किया सिंगार दातिए पर पूरी संगत नाचने पर मजबूर हो गई। अंत में आयोजक परिवार ने माता को प्रसाद लगाया और आरती की गई और आई हुई संगत को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर हलके के विधायक रामकरण काला, आशू नितिन रमेश गुप्ता, विपुल गुप्ता नितिन गुप्ता प्रथम अनूप अग्रवाल, पारस अग्रवाल राम कृष्ण हसीजा पुरन आजाद, मुनींद्र सिंगल विजय रानी, रेनू मीनू अनु और श्रुति सहित काफी संख्या में मां के भगत मौजूद रहे।

### नवरात्रि मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करने का शुभ अवसर



**कुरुक्षेत्र।** श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश वास्तु महर्षि डॉ. मिश्रा ने बताया कि माँ दुर्गा देवी का प्रथम रूप शैलपुत्री माँ है क हिमालय के यहाँ जन्म होने से इन्हें शैल पुत्री कहा जाता है। नवरात्रि की प्रथम तिथि को शैल पुत्री की पूजा की जाती है। इनके पूजन से भक्त सदा धन-धान्य से परिपूर्ण पूर्ण रहते हैं। प्रथम नवरात्रि के दिन मां के चरणों में गाय का शुद्ध घी अर्पित करने से आरोग्य का आशीर्वाद मिलता है तथा शरीर निरोगी रहता है। रविवार को विशेष पूजा अर्चना करने से भगवान सूर्य नारायण और माँ दुर्गा की विशेष शक्ति व कृपा प्राप्त होती है। मां दुर्गा अपने भक्तों के सारे दुगुर्णों को दूर कर देती है। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती है। पण्डित राहुल मिश्रा ने वैदिक मन्त्रों से मुख्य यजमान भक्त सुशील तलवाड़ और संगीता तलवाड़ के सपरिवार से पूजा -अर्चना करवाई क भक्तों ने माँ को लाल रंग की चुन्नियाँ ,नारियल ,श्रृंगार का सामान और प्रसाद अर्पण किया। समस्त विश्व कल्याण हेतु माँ दुर्गा का संकीर्तन व श्री दुर्गा चालीसा का पाठ सुमित्रा पाहवा,आशा कवात्रा,सरोज शर्मा,पूजा तलवाड़ ,शिमला धीमान, पायल सैनी और बच्चों के साथ सभी भक्तों ने किया।

# फीनिक्स क्लब ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- शिविर में 60 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई

कुरुक्षेत्र की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था फीनिक्स क्लब द्वारा मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मोहाली के साथ मिलकर जिंदल सिटी स्थित गैलेरिया मॉल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 60 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस कैंप का शुभारंभ पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने किया। कैंप में पहुंचने पर उनका क्लब के सदस्यों ने स्वागत किया। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने मैक्स हॉस्पिटल से पहुंचे डाक्टरों का धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि फिनिक्स क्लब वर्षभर सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेती आ रही है। ऐसे कैंपों का आयोजन कर फीनिक्स क्लब नेक कार्यों को बढ़ावा दे रही है। कैंप में पहुंचे यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर आकाश राणा, इंटरनल मेडिसिन



डॉक्टर हर्षमन सिंह की देखरेख में लोगों की शुगर, बीपी, ईसीजी, यूरोलॉजी से संबंधित रोगों की जांच की गई। शिविर में गौरव अरोड़ा, तरूण शर्मा, सुरिंदर ढींगरा, विनोद रावल, के.एल. मनचंदा, आदर्श ललित, ओम प्रकाश तलवार, कृपाल सिंह, डॉ. राजेश वधवा, मनोज परूथी, सुरिंदर ढींगरा, सुनील कालड़ा, प्रदीप झांब, गुरसेवक सिंह, सतपाल खुराना आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त प्राध्यापिका सविता मदान ने जन्मदिन पर किया कन्या पूजन



**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद् देवी भगवती बाला सुंदरी मंदिर शाहाबाद के प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि हमें अपने जन्म दिन एवं वर्षगांठ आदि अवसरों पर धार्मिक अथवा सामाजिक अनुष्ठान करने चाहिए। वे रविवार को शिक्षक रत्न अवार्ड से सम्मानित सेवानिवृत्त प्राध्यापिका सविता मदान के जन्म दिवस पर मंदिर प्रांगण में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने सविता मदान को मां भगवती की लाल चुनरी ओढ़ा कर आशीर्वाद प्रदान किया। इससे पहले मंदिर के विद्वान पंडित सतीश शर्मा और ऋषि राज ने विधिविधान से पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई।

# शहर को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर रखना होगा स्वच्छता पर फोकस : डीसी

## उपायुक्त ने एसडीएम व डीएमसी को दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त नेहा सिंह।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों को निरंतर अपने प्रयास जारी रखने होंगे। इस शहर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर स्वच्छता पर पूरा ध्यान देना होगा। इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आम नागरिक के सहयोग की भी निहायत जरूरत होगी। सभी के साझे प्रयासों से ही स्वच्छ भारत सर्वेक्षण की रैंकिंग में सुधार होगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कुरुक्षेत्र जिले के सभी शहरों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से थानेसर को स्वच्छ बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किए गए और पूरे शहर में स्वच्छता अभियान का असर देखने को मिला। इसके लिए नगर परिषद थानेसर के अधिकारी, कर्मचारी और पूरी टीम बधाई के पात्र है। इस टीम ने पूरी मेहनत और मुश्कत के साथ शहर के सभी डम्पिंग स्थलों को समाप्त करने का काम किया। अब इन डम्पिंग स्थलों पर पार्क या अन्य सौंदर्यीकरण का कार्य देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में भी पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे के लिए लोगों से फीडबैक भी लेना है। इस फीडबैक के लिए एक लिंक एसबीएमअर्बनडॉटओआरजी पर फीडबैक भी देना है। इस फीडबैक के तहत 10 प्रश्नों के जवाब देने होंगे।

**कार्यक्रम** डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

# रीढ़ की हड्डी के रोगों से बुजुर्ग ही नहीं, युवा भी तेजी से शिकार हो रहे : डॉ हिमांशु जैन

करीब 60 प्रतिशत लोगों को स्पाइन से जुड़ी कोई न कोई तकलीफ, कैंप में162 मरीजों का किया चैकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र ने डेरा बाबा धारीमल वेदी वंश गुरुद्वारा, गांव खुर्दबन में निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया। इसमे अस्पताल के ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने मरीजों की जांच कर उन्हें बीमारी बचाव के उपाय भी बताएं। डॉ हिमांशु जैन ने बताया कि भारत के करीब 60 प्रतिशत लोगों को स्पाइन से जुड़ी कोई न कोई तकलीफ है। इनमें आईटी प्रोफेक्शनल्स की तादाद सबसे ज्यादा है। उन्होंने बताया कि रीढ़ की हड्डी संबंधी समस्याओं से बुजुर्ग ही नहीं, बल्कि 20 साल की उम्र के युवा भी तेजी से शिकार हो रहे हैं। अधिकतर लोगों को सर्वाइकल, साइटिका जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रीढ़ की हड्डी में विकार आने पर गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं, मांसपेशियां कमजोर या लकवा ग्रस्त होती हैं, संवेदना असामान्य या समाप्त हो जाती है और ब्लैडर तथा पेट के कार्य को नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस व्याधि का प्रमुख लक्षण कमर में दर्द होना है। कमर में लचक का आना, झुकने में, वजन उठाने में, उठ कर खड़े होने या उठने-बैठने में, यहां तक कि करवट बदलने में भी दर्द होता है। सायटिका में किसी भी एक पैर में कूल्हे से एड़ी तक, पीछे की तरफ एक ही नस में दर्द होना, पांव में झुनझुनी होना, लेटने से आराम होना आदि लक्षण देखने को मिलते हैं। डॉ जैन ने बताया कि कमर दर्द के वैसे तो कई कारण होते हैं, लेकिन अधिकतर यह एल-4 या एल-5 डिस्क के अपने स्थान से हट जाने के कारण होता है। मोटापा, अति घोर परिश्रम करना, दूषित आहार करना, कमर या कूल्हे पर चोट लगना। खून के बहाव में रुकावट और टूटी हुई हड्डी या ट्यूमर की वजह से नस का दब जाना शामिल हैं। ज्यादा सवारी करना, शरीर में कैल्शियम की कमी होने पर भी दर्द होता है। रीढ़ की हड्डी, डिस्क और पीठ का बहुत गहरा संबंध है।

### इन बातों को रखे ख्याल

उन्होंने बताया कि रीढ़ की हड्डी को अधिक स्थिरता प्रदान करने के लिए क्रंचेस और अन्य पेट-मांसपेशियों को मजबूत करने वाले व्यायाम करें। तैराकी, स्थिर साइकिल चलाना और तेज चलना अच्छे एरोबिक व्यायाम है, उठाने और हिलाने की सही तकनीक का उपयोग करें, जब आप बैठें और खड़े हों, तो सही मुद्रा बनाए रखें, धूम्रपान का सेवन न करें धूम्रपान एथेरोस्क्लेरोसिस (धमनियों का सख्त होना) के लिए एक जोखिम कारक है, जो पीठ के निचले हिस्से में दर्द और क्षतिग्रस्त डिस्क विकारों का कारण बन सकता है। यदि संभव हो, तो तनावपूर्ण स्थितियों से बचें क्योंकि इससे मांसपेशियों में तनाव हो सकता है, स्वस्थ वजन बनाएं रखें, मोटापा न बढ़ने दें। समय समय पर चिकित्सक की राय भी लेनी चाहिए। इस दौरान राम कुमार, परमिंदर सिंह व बाबा सुखदेव सिंह लोहारा वाले ने डॉ हिमांशु जैन, डॉ रूचि जैन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश कुमार, डॉ संजय शर्मा, डॉ प्रीति को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कैंप में 162 मरीजों का निशुल्क चैक अप, परामर्श, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन लेवल, हीमोग्लोबिन, पल्स रेट व ब्लड प्रेशर इत्यादि चैक किए गए। सभी रोगियों को फ्री में दवाईंयां भी दी गई। शिविर में मोनिका कोऑर्डिनेटर, अंजू, रुमा, प्रवीण, हेमचंद, अजय, सौरभ, कुलदीप इत्यादि ने योगदान दिया।




### सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करें : माफी ढांडा

**कुरुक्षेत्र।** उदयन केयर सेंटर, कुरुक्षेत्र द्वारा इंटरएक्टिव सत्र के माध्यम से उदयन शालिनियों का सशक्तिकरण विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एमसी चेयरपर्सन माफी ढांडा, एमसी बक्शीश कौर वार्ड 14, एमसी नेहा गुप्ता वार्ड 21, एमसी प्रेम नारायण अवस्थी वार्ड 17, मलकीत और सुरेश की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में सह-संयोजक डॉ. रामनिवास और कोर कमिटी सदस्य डॉ. सीमा पांडे भी उपस्थित रहे। कुल 44 शालिनियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप ज्योति प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद उदयन घर के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके पश्चात बैच 17 की शालिनी साक्षी ने एक शानदार नृत्य प्रस्तुति दी। उदयन घर के बच्चों ने भी अपने नृत्य के माध्यम से नारी शक्ति की व्याख्या की, जिससे सभी प्रेरित हुए। कनवीनर डॉ सुषमा शर्मा द्वारा उदयन केयर सेंटर की विभिन्न इकाइयों का परिचय करते हुए बताया कि डॉ किरण मोदी द्वारा बालिकाओं के सशक्तिकरण का पिछले 30 सालों से प्रयास किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र चैप्टर की स्थापना 2004 में हुई जिसमें 20वा चैप्टर इस वर्ष सम्मिलित किया जाएगा जिसमें 30 शालीनियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद चेयरपर्सन माफी ढांडा ने शालीनियों को संबोधित किया। प्रेम नारायण अवस्थी, बक्शीश कौर, व नेहा गुप्ता ने शालीनियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने के सलाह दी। सुरेश व मलकीत ने एमसी के कार्यों और दायित्वों के बारे में बताया और शालिनियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बैच 19 की शालिनियों को आधिकारिक बैज प्रदान किए गए।

## खबर संक्षेप

### राजकीय स्कूल से गैस सिलेंडर चोरी

**बराड़ा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय अधोया में मिड डे मील रसोईघर से चोरी का मामला सामने आया है। स्कूल मुखिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने विद्यालय परिसर में स्थित रसोईघर का ताला तोड़ दिया और वहां से एक खाली एलपीजी गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। इसके अलावा चोरों ने चावल कंटेनर से चावल निकाल कर उसे फर्श पर बिखेर दिया गया। नम्बरदार कैलाश ने घटना स्थल का निरीक्षण कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विशेष शिविर का आयोजन किया

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू कौशिक, कार्यक्रम अधिकारी. डॉ. कुलदीप सिंह और सुमन लता ने संयुक्त रूप से किया। शिविर की शुरुआत एनएसएस. लक्ष्य गीत से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान किया गया। इसमें व्यक्तित्व विकास, व्यक्तिगत स्वच्छता, साइबर सुरक्षा और स्वच्छता के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया। विद्यार्थियों को जलपान भी प्रदान किया गया।

### गांधी मेमोरियल कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में प्राचार्य डॉ. रामलखन के नेतृत्व में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने बीएससी नर्सिंग और जीएनएम छात्रों के लिए /"अपनी उंगलियों पर वैश्विक शिक्षा को अपनाएं/" शीर्षक से एक सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम एडवाइज ओवरसीज एजूकेशन कंसलटेंट्स के सहयोग से आयोजित किया गया था ताकि इच्छुक नर्सिंग पेशेवरों को विदेश में उच्च शिक्षा और करियर के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया जा सके।

### नवरात्रि में किया हवन और पूजन

**अंबाला।** अंबाला शहर स्थित भगवान परशुराम मंदिर पीपली बाजार में जिला ब्राह्मण सभा द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ एवं पूजन किया गया। इस अवसर पर पंडित पंकज डिमरी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि 2025 का शुभारंभ 30 मार्च से हो रहा है। आगामी नौ दिन मां दुर्गा की भक्ति और उपासना के लिए बेहद खास है। इन पवित्र दिनों में जो भक्त व्रत रखते हैं और मां के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं। उन्हें मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

### भव्य शहीद स्मारक का निर्माण जारी

**अंबाला।** हरियाणा सरकार द्वारा आजादी की पहली लड़ाई में शामिल और शहीद हुए लोगों और वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने हेतु अंबाला कैंट के नजदीक अंबाला-नई दिल्ली नेशनल हाईवे-एनएच 44 पर 22 एकड़ भूमि पर एक भव्य शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।

# चैत्र नवरात्रि पर सुख-समृद्धि व तनाव समाप्त करने के लिए हवन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़




नारायणगढ़। हवनयज्ञ करते श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति और जियो गीता परिवार के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति और जियो गीता परिवार के सदस्यों द्वारा रविवार को हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 एवं चैत्र नवरात्रि पर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि एवं तनाव समाप्त करने के लिए नगर खेड़ा में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। अशोक मेहरा ने चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नव वर्ष ''विक्रम संवत-2082'' की क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी । साथ ही कहा कि नवरात्र का यह पर्व समाज में नारी के महत्व और सामर्थ्य को दर्शाता है। नवरात्रि के पावन दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना हमें शक्ति, धैर्य और उत्साह प्रदान करती है। यह दिव्य पर्व श्रद्धा, भक्ति और शक्ति की आराधना का प्रतीक है,जो जीवन में नई ऊर्जा, सुख, समृद्धि और हर्षोल्लास का संचार करता है। उन्होंने कामना की कि नव संवत्सर में सभी का जीवन नई आशाओं, उल्लास और उमंग से परिपूर्ण हो। उन्होंने मां दुर्गा से समस्त क्षेत्रवासियों के लिए नई ऊर्जा, सकारात्मकता और सफलता के साथ ही उत्तम स्वास्थ्य की कामना की । संस्था द्वारा करवाए गए हवन यज्ञ में शहरवासियों द्वारा आहुतियां डालीं गईं। इसके पश्चात हलवा का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति और जियो गीता परिवार के महासचिव सुरिंदर बिंदल, कैशियर देवेंद्र मेहता, अश्वनी सिंघल, मुकेश गुप्ता, संयुक्त सचिव रवि शर्मा, रविंदर शर्मा, देव राज शर्मा, विजय अग्रवाल,गगन तायल, सुभाष राणा, योगेश शर्मा, यश पाल ढींगरा, सुदेश गुप्ता मौजूद रहे।

# बैशाखी को लेकर आयोजित होगा गुरू मानयो ग्रंथ चेतना समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



बैठक में मौजूद विभिन्न संस्था सदस्य।

खानअहमदपुर स्थित ब्राइट फ्यूचर इंटरनेशनल अकाल अकादमी में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें गुरू ग्रंथ साहिब सेवक ट्रस्ट व इलाके की संगत के सहयोग से अकादमी में खालसा पंथ सृजना दिवस वैशाखी को समर्पित गुरू मानयो ग्रंथ चेतना समागम की रूप रेखा तैयार की गई । बैठक में विभिन्न संस्थाओं ने भाग लिया और समागम हेतु जिम्मेवारियां सौंपी गई । सरदार प्रीतपाल सिंह ने बताया कि यहां 3 और 4 अप्रैल को गुरमत समागम आयोजित किया जाएगा।इसमें दोनों दिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक भाई रणजीत सिंह ढ़ंडरियांवाले संगत को गुरबाणी कीर्तन से निहाल करेंगे । कार्यक्रम के तहत 3 अप्रैल को बच्चों के दस्तार मुकाबले, कविता मुकाबले सिखी बाणा मुकाबले आयोजित कराए जाएंगे। 4 अप्रैल को शाम 5 बजे अमृत संचार किया जाएगा। इस दिन सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही फिजियोथैरेपी कैंप का भी लगाया जाएगा। बैठक में सभी संगत को समागम में सहयोग की अपील की गई ।

## नप ने रोड तोड़ने वाले लोगों के साथ सरकारी विभाग व निजी कंपनियों को चेतावनी जारी की

# बिना अनुमति सड़क तोड़ी तो दर्ज होगी एफआईआर बीएसएनएल के खिलाफ पहुंची पहली शिकायत

*शास्त्री कॉलोनी में बिना अनुमति दो जगह से सड़क तोड़ने का आरोप, अब बीएसएनएल सहित अन्य कंपनियों को अंबाला छावनी में कोई भी कार्य करने के लिए नगर परिषद से लिखित में इजाजत लेनी होगी, अन्यथा उन्हें फिर कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहना पड़ेगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला छावनी में अब सड़कों को खोदने व तोड़ने वाले विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। दरअसल किसी काम के लिए सड़कों को तोड़ने या फिर खोदने के बाद विभागीय कर्मचारी इन सड़कों की रिपेयर नहीं करते। इसी वजह से कई बार तो नई सड़कें तक टूटकर बिखर जाती हैं। पर अब ऐसा नहीं होगा। ऐसे विभागों के खिलाफ नगर परिषद ने केस दर्ज करवाने का निर्णय लिया है। नगर परिषद की ओर से पहली शिकायत बीएसएनएल के खिलाफ दी है। सड़कें तोड़ने को लेकर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करने का आग्रह किया गया है। नगर परिषद ने बिना इजाजत सड़कें तोड़ने वाले लोगों के साथ सरकारी विभाग व निजी कंपनियों को भी इस सिलसिले में चेतावनी जारी की है। अब बीएसएनएल सहित अन्य कंपनियों को अंबाला छावनी में कोई भी कार्य करने के लिए नगर परिषद से लिखित में इजाजत लेनी होगी, अन्यथा उन्हें फिर कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहना पड़ेगा। दरअसल बीते रोज नगर परिषद के पास शिकायत आई थी कि लगभग 50 लाख की लागत से शास्त्री कॉलोनी के पास कुछ समय पहले बनाई गई सड़क को तोड़ा जा रहा है। सूचना मिलते ही तुरंत नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जब सड़क को तोड़ने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वो बीएसएनएल के अधीन काम करते हैं। बीएसएनएल की टूट चुकी तार को दुरुस्त करने के लिए आए हैं। जब नगर परिषद की टीम ने उनसे परमिशन के दस्तावेज मांगे तो कोई भी कर्मचारी दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसके बाद जब बीएसएनएल के उपमंडल अधिकारी से बात की गई तो वो भी कोई उचित जवाब नहीं दे पाए। जबकि शाम तक दो अन्य जगह, अजीत नगर और टांगरी बांध के पास बनी सड़क पर भी ऐसे ही गड्ढे नजर आए और यहां भी भूमिगत तारें डालने का कार्य किया जा रहा था।

इसलिए नगर परिषद ने अब सख्ती बरतने का फैसला किया है। बता दें कि 23 मार्च को छावनी के निशात सिनेमा के निकट देररात एक टेलीकॉम कंपनी के ठेकेदार द्वारा सड़क पर की जा रही खोदाई का विरोध हुआ था। स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर काम रुकवा दिया और पुलिस को शिकायत की थी। उस समय अंबाला कैंट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अजायब सिंह ने संबंधित ठेकेदार व नगर परिषद के संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाया था। ठेकेदार को चेताया कि वह बिना अनुमति किसी भी सड़क में खुदाई नहीं करेगा।उस समय टेलीकॉम कंपनी की तरफ से लाइन बिछाने के लिए निकलसन रोड सहित अन्य जगह पर खुदाई की जा रही है।

### कार्रवाई के लिए टीम गठित

नवनिर्मित सड़कों को दुर्दशा से बचाने के लिए नगर परिषद ने तीन सदस्यों की टीम का गठन कर दिया है। इसमें इमारत निरीक्षक के अलावा अभियांत्रिक विभाग के दो अभियंताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है जोकि शिकायत मिलने के बाद तुरंत मौके पर जाकर कार्रवाई करेंगे और बिना अनुमति काम करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश भी करेंगे। अंबाला छावनी की बरसों पुरानी कंडम सड़कों के नवनिर्माण पर लगभग दस करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इनमें रिहायशी क्षेत्रों के अलावा सदर बाजार की प्रमुख सड़कें भी शामिल हैं। कुछ सड़कों को बजरी व सीमेंट के मिश्रण से तैयार किया गया है तो कुछ को तारकोल के मिश्रण से। लेकिन अब नवनिर्मित सड़कों को तोड़ने की शिकायतें लगातार नगर परिषद के पास पहुंच रही हैं।



कार्यक्रम में मौजूद मेयर शैलजा सचदेवा व अन्य।

### नेपाली समुदाय ने मेयर को किया सम्मानित

- नेपाली समुदाय द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो की कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने की प्रशंसा

**अंबाला।** एसए जैन कालेज रोड पर हीरा नगर में प्रसिद्ध पंचमुखी श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला का निर्माण पहले नवरात्रे के अवसर पर मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने नारियल फोड़कर किया मंदिर का शुभारंभ । कार्यक्रम का आयोजन सेवा सुरक्षा सहयोग समिति नेपाली संस्था के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया । कार्यक्रम का मंच संचालन दीपक वोहरा ने किया । वर्तमान में उपाध्यक्ष कृष्ण लाल ने कहा कि संस्था के चुनाव का कार्य चल रहा हैं जिसका मतदान 6 अप्रैल दिन रविवार को स्थान हिसार रोड सिंगावाला धर्मशाला में बैलेट पेपर द्वारा मतदान किया जाएगा । मतदान 12 से 3:30 बजे तक होगा। शाम 4 बजे हरियाणा राज्य अंबाला के नए चेयरमैन की नियुक्ति की जाएगी।

# परिजनों को शिक्षण प्रक्रिया से करवाया अवगत

*पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन*

- कार्यक्रम का उद्देश्य नए पेरेंट्स को स्कूल की शिक्षण प्रक्रिया से अवगत करवाना था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल शहर के ऑडिटोरियम में पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया । यह कार्यक्रम नए सत्र की शुरुआत के साथ डीएवी का हिस्सा बनने जा रहे नए बच्चों व अभिभावकों के लिए किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए पेरेंट्स को स्कूल की शिक्षण प्रक्रिया से अवगत करवाना था। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने सभी नए अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए डीएवी परिवार से जुड़ने पर उनका धन्यवाद किया। उन्होंने पेरेंट्स को आर्ट ऑफ़ पेरेंटिंग के विषय में बताया कि माता-पिता अपने बच्चे के समग्र विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह माता-पिता का सही मार्गदर्शन ही है जो बच्चे के चरित्र को विकसित करता है। जैसे हर बच्चा अलग होता है, वैसे ही उनकी ग्रोथ और विकास भी अलग तरह से होते हैं। लेकिन, माता-पिता के लिए बच्चों की ग्रोथ और विकास पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। माता-पिता के सहयोग से बच्चे अनुशासन को समझते हैं, प्रतिक्रिया को स्वीकार करते हैं और जीवन को सही तरीके से जीना सीखते हैं। बच्चा माता-पिता के व्यवहार को नोटिस करता है। माता-पिता के बीच की बातचीत और बहस को वो समझता है। इस समय बच्चा दूसरों से कैसा व्यवहार करना है, टीम स्पिरिट, सही दोस्तों को चुनना आदि सीखता है। ऐसे में और सही तरीके से सिखाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। उन्होंने अभिभावकों को इस ओरिएंटेशन के मुख्य उदेश्य के बारे में समझाया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे के माता-पिता अपने बच्चे की मदर टीचर से मिलकर पुरे वर्ष होने वाले एक्टिविटीज़ के बारे में जान सके और बच्चों का किस प्रकार कक्षा में ध्यान रखा जाता है व उन्हें पूर्ण रूप से आश्वस्त किया जाता है कि उनका बच्चे का विकास यंहा पूर्ण रूप से सही प्रकार से किया जायेगा। डीएवी की उपलब्धियां के विषय में बताया कि आज हमारा स्कूल जिन ऊंचाइयों पर पहुंच है यह सब अभिभावकों के सहयोग और बच्चों के हर साल की परफॉर्मेंस वजह से हुआ है।

# वन विभाग के मजदूरों को प्रत्येक महीने मिले वेतन

- वन विभाग मजदूर यूनियन की मीटिंग में राज्य सरकार के समक्ष कर्मचारियों ने रखी कई मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। बैठक के वन विभाग मजदूर यूनियन व सीटू नेता।

रविवार को सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन से संबद्ध वन विभाग मजदूर यूनियन-1450 जिला कमेटी बैठक छोटी बसी गांव में वन विभाग की नर्सरी में हुई। अध्यक्षता तारा चंद प्रधान व संचालन राम चंद्र सचिव ने किया। बैठक में विशेष रूप से सीटू नेता सतीश सेठी उपस्थित रहे। बैठक में जिला भर के वन मजदूरों की समस्याओं को चिह्नित कर ज्ञापन जिला वन अधिकारी को सौंपने का फैसला लिया गया। इसमें हर महीने समय पर वेतन का भुगतान करने। नारायणगढ़ रेंज में फरवरी महीने का बकाया वेतन जल्द देने। पिछले तीन सालों के पीएफ का हिसाब किताब देने।ईएसआई कार्ड जारी करने। मजदूरों को पहचान पत्र, हाजरी कार्ड व पे-स्लिप देने। वर्ष 2016 से वेतन बढ़ोतरी का बकाया प्रदान करने। माननीय न्यायलय के फैंसलों को लागू करने। वन मजदूरों को वर्दी, जूते, औजार व मेडिकल किट देने। रेंज वाइज विभाग के ठेकेदारों के साथ हुए एग्रीमेंट व वर्कआर्डर की प्रति देना शामिल है। सीटू नेता सतीश सेठी ने कहा कि वन विभाग का मजदूर सालों से प्रदेश को हरा भरा बनाने व पर्यावरण की रक्षा में मुख्य रोल अदा कर रहा है। परंतु सरकार ने उसकी नौकरी को पक्का करने की बजाए ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है।

### पहले नवरात्रे पर माता बाला सुंदरी में लगी श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें, सुबह चार बजे से प्रारंभ हुई पूजा



**मुलाना।** रविवार को पावन नवरात्रों के आरंभ होते ही सिद्धपीठ माता बाला सुंदरी मंदिर में माता की दिव्य पिंडी के दर्शन करने के लिए सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा । सुबह चार बजे ही श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच गए। जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रथम नवरात्र के दिन सुबह करीब पौ फटने से पहले माता बाला सुंदरी मंदिर के कपाट खुल गए। पहले नवरात्रे पर ही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारें लगी, श्रद्धालुओं ने माता की दिव्य पिंडी के दर्शन कर सुख समृद्धि की अरदास की । हर नवरात्रों के दौरान मुलाना में विशाल मेले का आयोजन किया जाता हैं । जोकि पहले नवरात्र से आरम्भ हो चुका हैं । मंदिर प्रांगण में दर्जनों दुकाने सज चुकी है। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया । मंदिर कमेटी द्वारा मेले में आए श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था, जल व्यवस्था ,ठहरने के लिए कमरे की फ्री व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाओं का भी विशेष प्रबंध किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पहल

# स्कूल के प्रमुख ब्लॉकों का नामकरण आर्य समाज के महान विचारकों और शिक्षाविदों के सम्मान में किया

**नामकरण विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतिथि व अन्य शिक्षक।

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक सीनियर सैकंडरी विद्यालय में आर्य समाज स्थापना सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय के प्रमुख ब्लॉकों का नामकरण आर्य समाज के महान विचारकों और शिक्षाविदों के सम्मान में किया गया। विद्यालय में विज्ञान ब्लॉक को /"पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी विज्ञान ब्लॉक/", पुस्तकालय ब्लॉक को /"महात्मा हंसराज ब्लॉक/", मल्टीपरपज हॉल को /"महात्मा आनंद स्वामी कक्ष/", और कांफ्रेंस रूम को /"स्वामी श्रद्धानंद कक्ष/" के रूप में समर्पित किया गया। इस अवसर पर पुष्पवर्षा करते आचार्य नवीन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया व इन महान विभूतियों की स्मृति और उनके समाज-सेवा के कार्यों के बारे में बताया। इस समारोह में मुख्य अतिथि मेंबर डीएवी सीएमसी न्यू दिल्ली अनिल गुप्ता ने इन कक्षों को आर्य समाज के महापुरुषों के नाम समर्पित करने के निर्णय की सराहना की। कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों को उनके त्याग, समर्पण और समाज के प्रति योगदान की प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि यह नामकरण विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगा, जिससे वे वैदिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने आर्य प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा व डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान पूनम सूरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय सदैव अपनी वैदिक परंपराओं से जुड़ा रहेगा।

### महापुरुषों के आदर्शों को अपनाएं

इस विशेष अवसर पर विज्ञान संकाय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे । सुमन सोनी व भारती ने इस नामकरण को ऐतिहासिक क्षण बताया। शिक्षकों ने इस पहल को विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और प्रेरणा स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण बताया। आर्य युवा समाज की संचालिका गौरी वंदना और राधिका सीकरी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि गुरुदत्त विद्यार्थी, महात्मा हंसराज, महात्मा आनंद स्वामी और स्वामी श्रद्धानंद जी ने शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह सदैव अनुकरणीय रहेगा। विद्यालय द्वारा किए गए इस प्रेरणादायक पहल से निश्चित रूप से विद्यार्थियों में आर्य समाज के सिद्धांतों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे इन महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर समाज की सेवा के लिए प्रेरित होंगे।